विज्ञापन संख्या 19/2025

# केन्द्रीय विद्यालय संगठन में प्रतिनियुक्ति के आधार पर अधीक्षण अभियंता और अधिशासी अभियंता के पद को भरा जाना

केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय प्रतिनियुक्ति के आधार पर अधीक्षण अभियंता और अधिशासी अभियंता के पद को भरने हेतु इच्छुक है। पदों के लिए रिक्तियों की संख्या, वेतनमान, पात्रता मानदंड और योग्यता निम्न प्रकार हैं:

| पद का नाम और वेतनमान ग्रेड वेतन सहित | रिक्तियों की संख्या | पात्रता मानदंड |
|---|---|---|
| अधीक्षण अभियंता<br>7वें सीपीसी के अनुसार वेतन मैट्रिक्स का वेतन स्तर-13 (रु॰123100 से रु॰215900) | 01 (एक) | 1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग में डिग्री या समकक्ष।<br><br>2. केंद्र/राज्य/स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों आदि में सिविल इंजीनियरिंग में अधिशासी अभियंता के रूप में 10 वर्षों की नियमित सेवा। |
| अधिशासी अभियंता<br><br>7वें सीपीसी के अनुसार वेतन मैट्रिक्स का वेतन स्तर-11 (रु॰67700 से रु॰208700) | 01 (एक) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री।<br>क. मूल कैडर में समान वेतनमान के साथ सिविल कार्यों में अनुभव सहित सदृश पद धारण करना<br>अथवा<br>ख. सहायक अभियंता (सिविल) वेतन मैट्रिक्स में लेवल-7 में सिविल कार्यों में 7 वर्षों का अनुभव,<br>अथवा<br>ग. सहायक अधिशासी अभियंता (सिविल) या वेतन मैट्रिक्स के लेवल-10 में समकक्ष पद सहित ग्रेड में चार (04) वर्षों की नियमित सेवा। |

**नोट:** फीडर श्रेणी के विभागीय अधिकारी जो पदोन्नति की सीधी कतार में हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्ति के आधार पर आए व्यक्ति भी पदोन्नति द्वारा नियुक्ति हेतु विचार के पात्र नहीं होंगे। इस नियुक्ति से तुरंत पहले धारित अन्य संवर्ग-बाह्य पदों पर धारित प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति तीन वर्षों से अधिक की नहीं होगी।

**प्रतिनियुक्ति की अवधि और अन्य निबंधन एवं शर्तें:**

कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 17.06.2010 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 6/8/2009-स्था. (वेतन-II) के अनुसार प्रतिनियुक्ति की निबंधन एवं शर्तें विनियमित की

जाएंगी। प्रतिनियुक्ति की अवधि तीन वर्षों की होगी, जिसे वर्ष-दर-वर्ष आधार पर दो वर्षों तक बढ़ाया जा सकता है । तथापि, जिसे केन्द्रीय विद्यालय संगठन के विवेक पर प्रतिनियुक्ति की प्रारंभिक/विस्तारित अवधि पूर्ण होने से पूर्व किसी भी समय समाप्त किया जा सकता है।

प्रतिनियुक्ति के लिए आवेदकों की अधिकतम आयु आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 56 वर्ष से कम होनी चाहिए।

**आवेदन के साथ भेजे जाने वाले दस्तावेज: पात्र** और इच्छुक अभ्यर्थी उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में उचित माध्यम से आवेदनं कर सकते है (अनुलग्नक-I) । संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारियों/विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि वे उन पात्र और इच्छुक उम्मीदवारों के आवेदन अग्रेषित करें, जिनकी सेवाएं उनके चयन की स्थिति में प्रतिनियुक्ति पर तत्काल मुक्त की जा सकती हैं । केवल ऐसे अधिकारियों के आवेदन पर ही विचार किया जाएगा जिन्हें उचित माध्यम से भेजा गया हैं तथा जिनके साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न किए गए हैं:

i. सतर्कता अनापत्ति /सत्यनिष्ठता प्रमाण पत्र (अनुलग्नक II का मद संख्या 4)
ii. पिछले पांच (5) वर्षों के वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट / वार्षिक कार्य मूल्यॉंकन रिपोर्ट की फोटोकॉपी। सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रत्येक पृष्ठ पर विधिवत सत्यापित (अनुलग्नक II का मद संख्या 5)

आवेदन अग्रेषित करते समय, संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा यह भी प्रमाणित किया जाए कि उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किए गए विवरण उसके सेवा रिकॉर्ड से सत्यापित कर लिए है तथा सही पाए गए हैं (अनुलग्नक II का मद संख्या 6)

अतः अनुरोध है कि उपयुक्त और योग्य अधिकारी के संबंध में आवेदन ऊपर सूचीबद्ध दस्तावेजों को संलग्न करते हुए **संयुक्त आयुक्त (प्रशासन) केन्द्रीय विद्यालय संगठन 18, संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-110016** को केवल पंजीकृत/स्पीड पोस्ट द्वारा भेजा जाए। सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 30.06.2025 है।

पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार को बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त या अन्यथा अपूर्ण पाए गए आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। केविसं किसी भी समय बिना कोई कारण बताए रिक्ति परिपत्र को वापस लेने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

हस्ताक्षर /-

(दीपेश गहलोत)
संयुक्त आयुक्त (प्रशासन)

अनुलग्नक-I

केन्द्रीय विद्यालय संगठन में प्रतिनियुक्ति के आधार पर स्थानांतरण द्वारा अधीक्षण अभियंता और अधिशासी अभियंता के पद के लिए आवेदन

आवेदित पद:-______________________________

| | | |
|---|---|---|
| 1 | नाम | |
| 2 | जन्म तिथि | |
| 3 | वर्तमान पद | |
| 4 | वर्तमान पद धारण करने की तिथि | |
| 5 | वर्तमान तैनाती स्थान | |
| 6 | मूल संवर्ग | |
| 7 | सेवा ग्रहण करने की तिथि | |
| 8 | वर्तमान पद का वेतन बैंड | |
| 9 | आहरित मूल वेतन | |
| 10 | ग्रेड वेतन | |
| 11 | क्या पदों के लिए निर्धारित पात्रता मानदंड संतोषजनक हैं:: | |
| 12 | शिक्षा/व्यावसायिक योग्यता (कृपया स्नातक और उससे ऊपर की शिक्षा का उल्लेख करें) | |

| क्रमांक | अर्हता | विषय | वर्ष/श्रेणी | संस्थान/विश्वविद्यालय स्थान/देश |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

| | |
|---|---|
| **13** | अनुभव/रोजगार का विवरण (यदि आवश्यक हो तो कृपया एक शीट अलग से संलग्न करें) |

| कार्यालय | धारित पद | से | तक | 7वें वेतन आयोग के अनुसार वेतन स्तर |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| **14** | केन्द्र सरकार के नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तिथि | |
| **15** | किए गए प्रशिक्षण | |
| | | |

प्रमाणित किया जाता है कि मेरे द्वारा दी गई उपर्युक्त जानकारी सही है

स्थान और दिनांक:

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

अनुलग्नक-II

संवर्ग नियंत्रण प्राधिकरण द्वारा भरा जाना है

कार्यालय ......................

दिनांक: ..........................

फाइल सं...........................................

1. यदि उम्मीदवार का चयन हो जाता है, तो उसे तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाएगा
2. प्रमाणित किया जाता है कि अधिकारी द्वारा दिए गए विवरणों की जाँच उपलब्ध अभिलेखों से की गई है और वे सही पाए गए हैं।
3. प्रमाणित किया जाता है कि उम्मीदवार परिपत्र/विज्ञापन में उल्लिखित शर्तों के अनुसार आवेदित पद के लिए पात्र है।
4. उम्मीदवार सतर्कता के दृष्टिकोण से मुक्त है और उसकी सत्यनिष्ठा संदेह से परे प्रमाणित है।
5. पिछले पाँच वर्षों की गोपनीय रिपोर्ट / वार्षिक कार्य मूल्याँकन रिपोर्ट की फोटोकॉपी प्रत्येक पृष्ठ पर एक अधिकारी जो अवर सचिव या समकक्ष पद से नीचे का न हो, द्वारा विधिवत सत्यापित किया गया है, संलग्न है ।
6. प्रमाणित किया जाता है कि उम्मीदवार द्वारा दिए गए सेवा विवरण उसके सेवा अभिलेखों से सत्यापित किए गए हैं और सही पाए गए हैं।

दिनांक:

सक्षम/जारीकर्ता प्राधिकारी के हस्ताक्षर
और मोहर

स्थान: